







## एक नजर में

### जीरन नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी शुरू

**जीरन।** भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से स्वच्छता सर्वेक्षण प्रारंभ कर दिया गया हे ! सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद जीरण द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप तैयारी प्रारंभ कर दी गई हे जिसके लिए सबसे महत्वपूर्ण नागरिक प्रतिक्रिया अंतर्गत नागरिकों से स्वच्छता संबंधित फीडबैक लिया जाना हे , जिस हेतु निकाय कर्मचारी विभिन्न वार्डों में जा कर फीडबैक ले रहे हे साथ ही निकाय मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विकास डावर द्वारा नगर के सभी सम्माननीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं ,बुजुर्गों , युवाओं आदि से भी अपील व निवेदन की गई हे कि- आपका अपना



शहर जीरन स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग ले रहा हे, सर्वेक्षण में अपने शहर के लिए हर नागरिक से मात्र एक सकारात्मक फीडबैक की आवश्यकता हे। फीडबैक दर्ज करने नगर परिषद द्वारा एक लिंक httpsÑ//cf.sbmurban.org/thankyou भेजी जा रही ! इस लिंक में सकारात्मक जवाब दर्ज करने अनुरोध हे ! सभी नागरिकों से निवेदन हे कि आपका एक सकारात्मक फीडबैक निकाय की रैंकिंग में सुधार करवा सकता हे स्थिति जो भी हो ,अनुभव जो भी हो, मतभेद जो भी हो निकाय सफाई कर्मचारी आपके आंगन आपके रोड आपकी नाली सफाई आदि कार्य कर रहे हे तो उनके लिए सकारात्मक फीडबैक स्वयं ,अपने परिवार ,रिश्तेदार, दोस्त ,मोहल्ले निवासी दुकानदार आदि से जरूर दर्ज करवाए !

### जाहिद हुसैन अंसारी जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त

**रतनगढ़।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. इमरान प्रतापगढ़ी, म. प्र. कांग्रेस अध्यक्ष मा. जीतू पटवारी म. प्र. कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मा. अलीम शेख, नीमच जिला कांग्रेस प्रभारी मा. भेरू सिंह बापू साहब, जावद प्रभारी मा. चंद्रशेखर शर्मा, म. प्र. कांग्रेस कमेटी सचिव मा. सत्यनारायण पाटीदार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मा. तरुण बाहेती, जावद कांग्रेस प्रत्यक्षी रहे मा. समंदर पटेल, रतनगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ नेता मा. धीरज व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनगढ़ अध्यक्ष शंभूभाई चारण, उपरोक्त नेताओं की सहमति से जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मा. हिदायत उल्लाह खान ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला महामंत्री पद पर रतनगढ़ के जाबाज कांग्रेस कार्यकर्ता



जाहिद हुसैन अंसारी को नियुक्त किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंभूभाई चारण ने कहा है कि जाहिद भाई कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता होकर जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता है और हमेशा पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं जाहिद भाई की नियुक्ति से कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने जाहिद अंसारी की नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दि।

### शुभम रावल बने शिवसेना के नीमच जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर

**नीमच।** शिवसेना के संगठन विस्तार और मजबूती को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने नीमच जिले की कमान युवा और कर्मठ चेहरा शुभम रावल को सौंपी है। शिवसेना के प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर एवं रंजन जी स्वामी की अनुशंसा पर शुभम रावल को विधिवत शिवसेना नीमच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुभम रावल की यह नियुक्ति उनके द्वारा पिछले लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक और धार्मिक कार्यों को देखते हुए की गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, रावल क्षेत्र में पीड़ित लोगों की आवाज उठाने, जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने और युवाओं के बीच अपनी विशेष लोकप्रियता के लिए



जाने जाते हैं। उनके इन्हीं सेवाभावी कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत नीमच से 23 यात्रियों को दल रवाना




**नीमच।** संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जिले के 23 तीर्थ यात्रियों का दल गुरूवार को न.पा. नीमच के परिसर से सोमनाथ तीर्थदर्शन के लिए रवाना हुआ। विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों, एडीएम श्री बी.एस.कलेश ने यात्रियों का पुष्पहारों से स्वागत कर उन्हें सोमनाथ के लिए रवाना किया। विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों और पार्षदगणों ने यात्रियों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर सोमनाथ के लिए रवान किया। यह तीर्थ यात्रा वाहन यात्रियों को उज्जैन रेल्वे स्टेशन पहुचाएगा। जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा सोमनाथ के लिए रवाना होगी। यात्रियों के साथ दो अनुरक्षक भी सोमनाथ यात्रा के लिए भेजे गये है, जो यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, न.पा.के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, यात्री एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

### करंट लगने से व्यक्ति की मौत, जेसीबी से टकराकर टूटी सर्विस लाइन, छत पर सफाई कर रहे शख्स पर गिरी

**नीमच।** जिले के चल्दू गांव में गुरुवार सुबह करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब जेसीबी की टक्कर से बिजली का सर्विस लाइन का तार टूटकर एक व्यक्ति पर गिर गया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय अशोक कलाल के रूप में हुई है। वे घर की छत पर चद्दर साफ कर रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रही जेसीबी का ऊपरी हिस्सा बिजली की लाइन से टकरा गया और तार टूटकर सीधे अशोक पर गिर पड़ा। मृतक के बेटे ने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले पिता ने उसे नली ठीक करने को कहा था। तभी अचानक तेज आवाज हुई और तार पिता के ऊपर गिर गया। करंट के डर से लोग तुरंत पास नहीं जा सके। परिजन अशोक को



तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने हादसे के लिए जेसीबी चालक की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जेसीबी और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### खरीफ बोनी के लिए नीमच जिले में 13,550 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध, किसानों को नहीं होगी खाद की कमी

नीमच। खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी के लिए नीमच जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। जिले में मार्कफेड, सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के पास कुल 13,550 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। नीमच जिले में उर्वरक उपलब्धता (मे.टन में): यूरिया 6150 मैट्रीक टन, डी.ए.पी. 2066 मैट्रीक टन, एम.ओ.पी. 366 मैट्रीक टन, एन.पी.के.एस. 4175 मैट्रीक टन, एस.एस.पी. 793 मैट्रीक टन, कु योग 13550 मैट्रीक टन जिले में उपलब्ध है। किसान भाई अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरक मार्कफेड के डबल लॉक केंद्र, सोसायटी अथवा निजी दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर प्राप्त कर सकते हैं।

## लासुर में अब 15 स्वयं सहायता समूह सक्रिय

▶ **बदली गांव की तस्वीर-75 लाख से अधिक के बैंक ऋण से खुले किराना स्टोर व ब्यूटी पार्लर, महिलाए बनींआत्मनिर्भर**



**नीमच। मध्यप्रदेश के नीमच जिले से करीब 15 किलोमीटर दूर जावद विकासखण्ड का छोटा सा गांव लासुर आज म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। वर्ष 2019 से पूर्व जहां गाँव में एक भी स्वयं सहायता समूह नहीं था, आज यहाँ 15 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे लगभग 185 सभी सामाजिक एवं आर्थिक श्रेणी के लक्षित परिवार जुड़ चुके हैं।**

**समूह गठन से आर्थिक सशक्तिकरण तक का सफर:** ग्राम पंचायत लासुर में पाटीदार, रावत मीना, बैरागी, मेघवाल, जाटव, राठौर जाति के परिवारों की बहुलता है। वर्ष 2019 में गरीब परिवारों को चिन्हित कर समूह गठन की मुहिम चलाई गई। सबसे पहले महिलाओं को घर से बाहर निकालकर समूह में संगठित किया गया। आज उसी का परिणाम है कि गाँव में 10 महिला स्वयं सहायता समूह गठित हो गए हैं। इन समूहों को यूको बैंक सरवानिया महाराज एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक नीमच के माध्यम से अभी तक 75 लाख रुपये से अधिक का ऋण दिलवाया जा चुका हैं।

**स्वरोजगार की मिसाल बनीं महिलाएं:** कलाबाई ने वर्ष 2019 में समूह से जुड़ने के बाद, उन्होंने समूह से 1.50 लाख रूपये का ऋण लेकर अपना स्वयं का किराना एवं जनरल स्टोर के साथ ब्यूटी पार्लर का कार्य प्रारंभ किया। आज कलाबाई एवं उनका परिवार खुशी-खुशी अपना जीवन यापन कर रहा है। शबाना ने म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से समूह से ऋण एवं सी.सी.एल. ऋण प्राप्त कर स्वयं का किराना एवं जनरल स्टोर का कार्य प्रारंभ कर रोजगार स्थापित किया है।

> **संगठनात्मक पहल से हुआ सुविधाओं का विस्तार**
>
> मिशन के प्रयासों से महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन, सशक्तिकरण एवं बैंक तथा मिशन से प्राप्त धनराशि की उपलब्धता से जहाँ समूह सदस्यों एवं परिवारजनों हेतु रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, वहीं ग्राम विकास हेतु शासन एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रयास तेज हो रहे हैं। इसका श्रेय ग्रामीण आजीविका मिशन को ही जाता है। अब ग्राम में विकास की बयार बह रही है और पंचायतीराज संस्थाओं को भी मजबूती मिल रही है। समूह से जुड़ी महिलाएं लाड़ली बहना, लखपति दीदी, पशु सखी, कृषि सखी एवं अन्य क्षमतावर्धन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं और समूह गठन में सहयोग भी दे रही हैं।

## बेटियों के सशक्तिकरण के लिए तीन दिवसीय आत्मरक्षा-खेलकूद शिविर आज

**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद्, शाखा-नीमच द्वारा नगर की बालिकाओं के लिए आत्म-निर्भरता एवं उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को देखते हुए, 8 से 19 वर्ष आयु समूह की बालिकाओं के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क आत्मरक्षा एवं खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल एवं महिला प्रमुख श्रीमती सुनीता चौधरी, शिविर संयोजिका मीना जयसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 8 मई शुक्रवार से 10 मई रविवार तक बैट अग्रोहा भवन, गोमाबाई नेत्रालय मार्ग के सामने आयोजित किया जाएगा। शिविर के लिए 131 बालिकाओं का पंजीयन हो चुका है एवं पंजीकृत बालिकाएं ही शिविर में भाग ले सकेंगी।

शिविर में विशेषज्ञ आत्मरक्षा शिक्षिका पूजा चित्तौड़ा, उज्जैन द्वारा बालिकाओं को सशक्त बनाने के



लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर दो सत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रतिभागी की दोनों सत्रों में सहभागिता अनिवार्य है। प्रात:कालीन सत्र: सुबह 9 बजे से 11 बजे तक एवं सायं कालीन सत्र: दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ 8 मई शुक्रवार को सीएसवी अग्रोहा भवन पर सुबह 9 बजे पूजा चित्तौड़ा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कल बीएसएनएल के बकाया बिलों पर 50% तक की मिलेगी छूट

▶ **जावद व मनासा न्यायालयों में 133 प्री-लिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुत**

**नीमच।** मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा 09 मई 2026 (शनिवार) को सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

**बी.एस.एन.एल. की विशेष पहल:** इसी तारतम्य में भारत संचार निगम लिमिटेड, मंदसौर ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 133 प्रकरणों को नीमच, जावद एवं मनासा न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। दूरभाष/मोबाइल/एफ.टी.टी.एच. के लंबित राशि के प्रकरणों में संबंधित उपभोक्ता से बी.एस.एन.एल. आपसी समझौते में 10% से 50% तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने की अपील करता है।

**कैसे लें लाभ:** 1. लोक अदालत में: 9 मई2026 को नीमच, जावद एवं मनासा के न्यायालयों में संबंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण किया जा सकेगा।

**लोक अदालत से पूर्व:** उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बी.एस.एन.एल. के कार्यालय में भी 9 मई 2026 के पूर्व संपर्क कर छूट का फायदा उठा सकते हैं। बी.एस.एन.एल. प्रबंधन ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने प्रकरणों का सम्मानजनक समाधान कराएं तथा भविष्य में निर्बाध सेवा का लाभ लें। यह जानकारी बी.एस.एन.एल मंदसौर के अधिकारी भारत चंदेल द्वारा दी गई है।

## जिला ऑफिस में डॉ. मुखर्जी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक

**नीमच। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक सक्रियता को धार देने के उद्देश्य से 'तपोभूमि' जिला भाजपा कार्यालय पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन को अभेद्य बनाने का संकल्प लिया गया।**



बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में विधायक दिलीपसिंह परिहार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चैपडा, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमन्त हरित, मण्डल प्रभारी योगेश जैन, मण्डल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत, मण्डल महामंत्री विक्की छाबडा मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष मोहनसिंह राणावत ने दिया।

क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की असली शक्ति हमारे बूथ और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता हैं। जो कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पसीना बहाएगा, उसे संगठन में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आगामी लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए निर्देश दिए कि बूथ समितियों की सक्रियता बढाई जाए और प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से बूथ समिति की बैठकें आयोजित हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से पूर्व बूथ स्तर पर बैठकें हों और कार्यक्रम में जन-भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। जिला प्रभारी सुभाष पटेल ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों को साझा करते हुए कहा कि मंडल, मोर्चा और वार्ड स्तर पर बैठकों की गति बढ़ाई जाए।

उन्होंने जनसंपर्क के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की जनहितैषी नीतियों को प्रभावी ढंग से हर घर तक पहुँचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस दौरान पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी व्यक्त की गई और एक-दूसरे को बधाई देकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में आदित्य मालू, विनीत पाटनी, अशोक जोशी, उमंग सुराह, कान्हा सोनी, दीपक पुरोहित, अमन दीवान, रोशन वर्मा, अनुज चैहान, चन्दू तलरेजा, कृष्णा मेहरा, लोकेश चांगल, योगेश कविश्वर, आलोक सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पार्षद एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री विक्की छाबड़ा ने किया एवं अंत में सभी का आभार योगेश जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

## नल-जल योजना के संधारण के संबंध में सरपंच सचिवों और पंप ऑपरेटरों को दिया प्रशिक्षण

▶ **तकनीकी मार्गदर्शन, जलकर निर्धारण व पानी की गुणवत्ता जांच संबंधी दिया प्रशिक्षण**

**नीमच। जल गंगा संवर्धन अभियान तहत ग्रामीण नल-जल योजना के संचालन-संधारण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए ग्राम सरपंचों, सचिवों एवं पंप ऑपरेटरों का एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण गुरूवार को ग्राम पंचायत मोरवन के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इससे पूर्व नीमच विकासखण्ड में भी प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है।**



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं पीएमयू स्टाफ द्वारा प्रतिभागियों को योजना के नियमित संचालन, संधारण, तकनीकी रखरखाव तथा ग्रामीण स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। भारत सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका, समिति गठन एवं जलकर निर्धारण हेतु मध्य प्रदेश शासन का गजट, जलकर वसूली हेतु नमूना रसीद प्रारूप, एफ.टी.के. किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया से संबंधी सामग्री उपलब्ध करवाई गई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर नल-जल योजनाओं का सतत एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करना तथा पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखना है। अधिकारियों ने जलकर की नियमित वसूली एवं उपभोक्ता समितियों को सक्रिय करने पर भी विशेष जोर दिया। यह जानकारी कार्यालय यंत्री लो.स्वा.यांत्रिकी विभाग दीपेश वास्पत ने दी है।

### जिला कांग्रेस सेवादल नीमच के फुटबॉल को पुन: शीर्ष पर स्थापित करेगा

**नीमच।** नीमच फुटबॉल का गढ़ रहा है। यहां कालू कप्तान, हमीदुल्लाह, ओ पी साहू, महेंद्र चतुर्वेदी, करीम साहब, शफी चाचा, विजय कोटिया सरीके बेहतरीन खिलाड़ी निकले हैं। जिन्होंने अपने खेल कौशल से नीमच का नाम भारत के नक्शे पर अंकित कर दिया। किंतु पिछले 20 वर्षों से नीमच के फुटबॉल में गिरावट महसूस की जा रही है। इन्हीं खामियों के मद्देनजर जिला कांग्रेस सेवादल नीमच द्वारा छोटे-छोटे 15 वर्ष तक के बच्चों को स्टेडियम में एकत्र कर प्रशिक्षित करेगा। मयंक सैनी, मटरू सैनी, शंकर कप्तान कोच की भूमिका निभाएंगे। उक्त जानकारी शिविर संयोजक और जिला कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने दी। श्री यादव ने बताया कि प्रतिदिन स्टेडियम में प्रात: 7 से 9 बजे तक गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद स्टेमिना बढ़ाने के लिए भीगे हुए चने- मूंगफली, केले का नाश्ता दिया जाएगा। उक्त शिविर 9 मई से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम में प्रारंभ होगा।



### सेवादल संस्थापक डॉ. हार्डीकर की जयंती पर सौंपी नई जिम्मेदारी, कांग्रेस ने विधानसभा प्रभारी किए नियुक्त

**नीमच।** शहर में कांग्रेस सेवादल ने अपने संस्थापक डॉ. एन.एस. हार्डीकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर जावद और मनासा विधानसभा सीटों के लिए नए प्रभारी नियुक्त किए गए।

यह कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद डॉ. हार्डीकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने डॉ. हार्डीकर के जीवन और 1923 में स्थापित सेवादल की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सेवादल को मजबूत करने और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मनासा विधानसभा के लिए नंदलाल मालवीय और जावद विधानसभा के लिए पंकज ऐरन को प्रभारी नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रभारियों का स्वागत कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इन प्रभारियों को आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन को सक्रिय करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर सेवादल जिलाध्यक्ष गजेंद्र यादव के साथ अनिल चौरसिया, ब्रजेश सक्सेना, अरविंद चोपड़ा, आशा सांभर, पृथ्वी सिंह वर्मा, ब्रजेश मित्तल, बेबी मेहरा, जावेद दुर्रानी, इलियास कुरैशी और धर्मेन्द्र सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▶ **दिगंबर जैन समाज द्वारा नव निर्मित संत भवन का लोकार्पण 12 को**

## राग-द्वेष के त्याग बिना नहीं होता है आत्म कल्याण : सुप्रभ सागर

**नीमच। जब तक मेरा नहीं है तब तक कोई राग नहीं होता, दूसरों का नुकसान होता है तो चिंता नहीं होती है, जब मेरा है तो सुरक्षा की चिंता होती है। इसलिए मैं और मेरा है से बचना चाहिए तभी हम संसार में आत्म कल्याण की ओर अग्रसर हो सकते हैं। संसार को परिवर्तन करने वाला एकमात्र राग होता है।**

संसारी जीव अज्ञानता के कारण राग द्वेष के आकर्षण में फसता चला जाता है और निकल नहीं पाता है। राग द्वेष के त्याग बिना आत्म कल्याण नहीं होता है।यह बात मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहीं। वे दिगंबर जैन समाज नीमच द्वारा पुस्तक बाजार में नवनिर्मित संत आवास के लोकार्पण के निमित्त दिगंबर जैन मंदिर सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संयम नियम का जीवन में पालन करें तो राग द्वेष से बच सकते हैं सम्यक दर्शन का पालन भी राग द्वेष से बचा सकता है।

राग द्वेष में व्यक्ति इतना अंधा होता है कि किसी भी हद तक गिर सकता है राग द्वेष वाला राजा का राज भी चला जाता है फिर भी उससे राग द्वेष नहीं छूटता है चिंतन का विषय है। मुनी संत वैराग्य सागर जी महाराज ने कहा कि आत्म कल्याण के लिए प्रत्येक जीव को जागरूक होना चाहिए प्रत्येक जीव को उसके कर्म अनुसार ही पुण्य और पाप कर्म का फल मिलता है इसलिए सभी जीवों



को पुण्य कर्म पर ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और पाप कर्म से सदैव बचके रहना चाहिए। प्रत्येक जीव अपना पाप पुण्य कर्म साथ लेकर आता है। चक्रवर्ती सम्राट अपने पुण्य से ही आगे बढ़ता है। युवा वर्ग प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धैर्य का साहस रखें और कठिनाइयों का मुकाबला करें। आत्महत्या से किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण श्रीमती शशि विजय विनायका ने एक हजारों में मेरे प्यारे गुरुवर है सारी उम्र हमें भक्ति करना है.... गीत से किया। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज नीमच के तत्वाधान में108 मुनि श्री वैराग्य सागर जी महाराज,108 मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज की निश्रा में 10 मई रविवार को सुबह 9 बजे शांति धारा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित आचार्य शांति सागर मार्ग की सड़क का लोकार्पण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।संत भवन का प्रमुख लोकार्पण समारोह 13 मई को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व 12 मई को सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा,13 मई 2026 आचार्य शांति सागर जी महाराज संत निलय लोकार्पण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

दिगंबर जैन मंदिर के समीप पुस्तक बाजार में नवनिर्मित आचार्य शांति सागर जी महाराज निलय मंदिर के सौंदर्य करण एवं संत भवन शुद्धिकरण के लिए 3 मई से 12 मई तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे दिगंबर जैन मंदिर में 48 दीपक प्रज्जवलित कर भक्तामर पाठ का वाचन तथा महामंत्र नवकार मंत्र का जाप निरंतर समाज जनों द्वारा सामूहिक भक्ति नृत्य के साथ में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं सहभागी बनी अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा भी सहभागी बनी।